संख्या–**cm-337**
**10/10/2024**

# मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए मॉ भगवती शीतला माता, बड़ी पटनदेवी एवं छोटी पटनदेवी जी की पूजा अर्चना की

पटना, 10 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नवरात्रि की महाअष्टमी के दिन अगमकुऑ स्थित शीतला माता मंदिर पहुँचे। मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना' अंतर्गत विशेष योजना मद से प्राचीन विरासत स्थल मां शीतला मंदिर अगमकुऑ की परिसर की चाहरदिवारी एवं सुविधाओं के विकास कार्य का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने अगमकुऑ स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना की। पटना सिटी स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर एवं छोटी पटनदेवी मंदिर में भी जाकर मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा करायी। मुख्यमंत्री ने मॉ शीतला देवी, मॉ बड़ी पटनदेवी एवं मॉ छोटी पटनदेवी माता से राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री ने बड़ी पटनदेवी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया और कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने मारूफगंज स्थित श्री श्री बड़ी देवी जी तथा श्री श्री दलहट्टा देवी जी जाकर भी मॉ भगवती दुर्गा की पूजा अर्चना की।

मारूफगंज मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को अंगवस्त्र, पाग एवं प्रतीक चिन्ह् भेंट किया गया।

पूजा अर्चना के दौरान जल संसाधन एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित आयोजकगण, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******